# मार्गदर्शन: जिन शिकायतों के सफल होने की संभावना नहीं है

## Te reo Māori (ते रेओ माओरी)

प्राधिकरण प्रसारण में एक आधिकारिक भाषा ते रेओ माओरी के उपयोग पर विचार नहीं करता है, प्रसारण मानकों के किसी भी मुद्दे को नहीं उठाता है और ऐसी शिकायतों को निर्धारित करने से इंकार करेगा। इसका उपयोग संपादकीय विवेक का विषय है। प्रसारकों से te reo Māori (माओरी भाषा) के बारे में शिकायतों पर औपचारिक रूप से प्रतिक्रिया देने की अपेक्षा नहीं की जाती है (हालांकि यह नीचे चर्चा की गई अन्य श्रेणियों पर लागू नहीं होता है)।

केएस और टेलीविजन न्यूज़ीलैंड लिमिटेड, निर्णय संख्या 2020-135

# निम्न स्तरीय भाषा

निम्न-स्तरीय खराब भाषा के पृथक उदाहरण शायद ही कभी मानकों का उल्लंघन करेंगे, खासकर जब उन्हें PG (पीजी) या उससे ऊपर की श्रेणी के कार्यक्रमों के दौरान या समाचार बुलेटिन के दौरान प्रसारित किया जाता है। निम्न स्तरीय खराब भाषा माने जाने वाले शब्दों और वाक्यांशों में 'क्रैप ', 'ब्लडी', 'बगर', 'वैंकर', 'पिस्ड ऑफ' और 'शिट' शामिल हैं। हालांकि ये शब्द हर किसी की पसंद की भाषा नहीं हो सकते हैं, लेकिन ये आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने लगे हैं। उनसे बड़ी संख्या में श्रोताओं को आश्चर्यचकित या अपमानित करने की संभावना नहीं है, हालांकि यह कुछ मामलों में हो सकता है, उदाहरण के लिए जब उनका अक्सर या आक्रामक तरीके से उपयोग किया जाता है।

Franklin and Discovery NZ Ltd, निर्णय संख्या 2022-113 (shit - शिट)

Allison and Discovery NZ Ltd, निर्णय संख्या 2020-142 (wanker-वैंकर)

Richards and Radio New Zealand Ltd, निर्णय संख्या 2018-006 (shit-शिट)

Harvey and Television New Zealand Ltd, निर्णय संख्या 2020-023 (bugger-बगर)

McCaughan and Discovery NZ Ltd, निर्णय संख्या 2020-165 (pissed off-पिस्ड ऑफ)

McCaughan and MediaWorks TV Ltd, निर्णय संख्या 2016-062 (piece of piss, bullshit, shit-पीस ऑफ पिस, बुलशिट, शिट)

Jones and Discovery NZ Ltd, निर्णय संख्या 2023-006 (bloody-ब्लडी)

Lockyer and Television New Zealand Ltd, निर्णय संख्या 2012-089 (crap, pissed off-क्रैप, पिस्ड ऑफ)

# ईश - निंदा

प्राधिकरण स्वीकार करता है कि जब प्रसारण में 'ईश्वर, 'जीसस', 'क्राइस्ट', 'हैल (नरक)' और ईसाई धर्म से जुड़े शब्दों के उद्घोष दिखाए जाते हैं, तो कुछ लोगों को यह आपत्तिजनक लग सकता है। हालांकि, इन शब्दों को असभ्य भाषा नहीं माना जाता है और हमारे आधुनिक धर्मनिरपेक्ष समाज में रोजमर्रा की भाषा के हिस्से के रूप में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। प्राधिकरण ने लगातार पाया है कि विस्मयादिबोधक के रूप में उपयोग किए जाने वाले 'जीसस' और 'क्राइस्ट' में व्यापक रूप से साझा किए जाने वाले सामुदायिक मानकों को खतरा नहीं है।

Bruce-Phillips and Television New Zealand Ltd, निर्णय संख्या 2020-092 (Jesus-जीसस)

McKane and Television New Zealand Ltd, निर्णय संख्या 2020-118 (god, holy crap -गॉड, होली क्रैप)

Nixey and NZME Radio Ltd, निर्णय संख्या 2020-037 (प्रसिद्ध ईसाई लोगों पर व्यंग्य खंड)

# संतुलन (समय के साथ)

संतुलन मानक के लिए यह आवश्यक नहीं है कि एक जटिल मुद्दे पर हर संभव दृश्य एक प्रसारण के भीतर निहित हो। इस मानक के तहत एक शिकायत पर विचार करते समय प्राधिकरण के लिए यह देखना महत्वपूर्ण है कि क्या दर्शकों से अन्य मीडिया सहित अन्य कवरेज में व्यक्त विचारों के बारे में उचित रूप से जागरूक होने की उम्मीद की जा सकती है (यानी यह बहस का एक सतत विषय है)। प्राधिकरण शायद ही कभी संतुलन मानक के तहत शिकायतों का समर्थन करता है कि एक प्रसारक केवल एक विशेष दृष्टिकोण प्रस्तुत कर रहा है यदि इस विषय पर विभिन्न दृष्टिकोणों से कहीं और व्यापक रूप से चर्चा की गई है।

Watkin and Radio New Zealand Ltd, निर्णय संख्या, 2022-091

Egan and Discovery NZ Ltd, निर्णय संख्या 2021-002

Garrett and Radio New Zealand Ltd, निर्णय संख्या 2021-073

# व्यक्तिगत पसंद

प्राधिकरण के लिए यह आम बात है कि वह प्रोग्रामिंग के प्रकार के बारे में किसी भी शिकायत को निर्धारित करने से इनकार कर देता है कि शिकायतकर्ता उसे प्रसारकों द्वारा शामिल किए जाने को पसंद करेगा या नहीं। यह संपादकीय विवेक और व्यक्तिगत वरीयता का मामला है। प्राधिकरण की भूमिका इस बारे में शिकायतों पर विचार करना है कि क्या प्रसारित सामग्री ने प्रसारण मानकों का उल्लंघन किया है, न कि प्रसारकों की सामग्री को बदलने के लिए जिसे शिकायतकर्ता शामिल देखना चाहता है।

Wratt and Mediaworks TV Ltd, निर्णय संख्या 2019-031

Malcolm and Radio New Zealand Ltd, निर्णय संख्या 2016-018

Sheerin and Mediaworks TV Ltd, निर्णय संख्या आईडी 2017-022

# राजनेताओं/सार्वजनिक हस्तियों पर लागू निष्पक्षता

राजनेताओं और सार्वजनिक हस्तियों के संबंध में निष्पक्षता मानक के उल्लंघन का पता लगाने की सीमा मीडिया से अपरिचित किसी व्यक्ति की तुलना में अधिक है। राजनेता और सार्वजनिक हस्तियां समाज में एक स्थिति रखती हैं जहाँ उनकी नीति, भूमिकाओं और व्यवहार की मजबूत पूछताछ और जाँच को प्रोत्साहित और अपेक्षित किया जाता है। वे अक्सर सक्षम साक्षात्कारकर्ता होते हैं, जो आक्रामक या भड़काऊ पूछताछ या अन्य कवरेज को संभालने में अनुभवी होते हैं जिन्हें एक सामान्य व्यक्ति के लिए अनुचित माना जा सकता है।

Lindsay and Radio New Zealand Ltd, निर्णय संख्या 2022-003

Robinson and Discovery NZ Ltd, निर्णय संख्या 2021-133

Watkin and Radio New Zealand Ltd, निर्णय संख्या, 2022-091

Frewen and Television New Zealand Ltd, निर्णय संख्या 2020-146B

Bowkett and Discovery NZ Ltd, निर्णय संख्या 2020-103

# संतुलन - राजनेताओं का कवरेज (विज्ञापन)

प्रसारकों द्वारा कार्यक्रमों (चुनाव पूर्व बहस, साक्षात्कार या अन्य कवरेज सहित) में विशेष राजनेताओं या चुनाव उम्मीदवारों को शामिल करने या बाहर करने का विकल्प अपने आप में प्रसारण मानकों का उल्लंघन नहीं है। उदाहरण के लिए, राजनीतिक उम्मीदवारों के बीच बहस केवल इस आधार पर मानकों का उल्लंघन नहीं करेगी कि एक छोटी पार्टी के उम्मीदवार को शामिल नहीं किया गया था।

प्रसारकों को, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के एक भाग के रूप में, निम्नलिखित का अधिकार प्राप्त है:

- कार्यक्रम प्रतिभागियों को सीमित करना, बशर्ते कि चयन को संतुलन और निष्पक्षता के संदर्भ में उचित ठहराया जा सके (उदाहरण के लिए कार्यक्रम के समय की कमी को पूरा करने के लिए उचित रूप से लागू की गई सीमा)
- किसी विशेष परिप्रेक्ष्य से आइटम (कार्यक्रम) को प्रस्तुत करना, या अपनी प्रोग्रामिंग (कार्यक्रम निर्धारण) में विशेष परिप्रेक्ष्य पेश करना, बशर्ते मानकों का अन्यथा अनुपालन किया जाए।

संतुलन मानक आवश्यकताएँ वर्तमान मीडिया परिदृश्य को दर्शाती हैं जिसमें विभिन्न राजनेताओं और दृष्टिकोणों के बारे में जानकारी और सीखने के अवसर आम तौर पर कई स्रोतों से उपलब्ध होते हैं। दर्शक (और श्रोता) अपनी सभी राजनीतिक जानकारी/विश्लेषण के लिए किसी एक कार्यक्रम पर निर्भर नहीं हैं।

Crawford and Television New Zealand Ltd, निर्णय संख्या 2009-093 (समय की कमी के कारण बहस प्रतिभागी सीमित)

The Christian Heritage Party and Television New Zealand Ltd, निर्णय संख्या 2002-173 (बहस प्रतिभागी वर्तमान संसद में प्रतिनिधित्व करने वाले दलों के नेताओं तक सीमित)

Steele and Television New Zealand Ltd, निर्णय संख्या 2022-104 (एमपी को मानव हित लेख में दर्शाया गया है)

# सामग्री बच्चों के लिए उपयुक्त नहीं है (फ्री-टू-एयर टीवी)

16 और उससे अधिक का आमूल परिवर्तन काल फ्री-टू-एयर टीवी पर रात 8.30 बजे होता है (यह पे टीवी पर लागू नहीं होता है)। 16 रेटिंग वाली सामग्री इस समय से प्रसारित की जा सकती है और 18 रेटिंग वाली सामग्री रात 9.30 बजे से प्रदर्शित की जा सकती है। प्राधिकरण मानता है कि यह बच्चों के सामान्य देखने के समय से बाहर है, यहाँ तक कि सप्ताहांत पर या स्कूल की छुट्टियों के दौरान भी। वयस्कों के लिए उपयुक्त सामग्री में वयस्क विषयवस्तु, भाषा, हिंसा और यौन सामग्री शामिल हो सकती है। बाद के निर्धारित समय में इस सामग्री के उच्च स्तर की अनुमति है। किसी कार्यक्रम के प्रसारित होने का समय, उसका वर्गीकरण, उसके प्रसारण से पहले प्रसारित होने वाली चेतावनियाँ, टीवी गाइडों में कार्यक्रम का विवरण और माता-पिता के नियंत्रण के विकल्प दर्शकों को पसंद और नियंत्रण प्रदान करते हैं कि वे क्या देखना चाहते हैं। प्राधिकरण ने बच्चों के देखने के समय के बाहर प्रसारित होने वाली प्रबल वयस्क सामग्री के बारे में शिकायतों को लगातार सही नहीं ठहराया है, जब ये उपकरण सहायक विकल्प और नियंत्रण उपलब्ध हैं। टाइमबैंड (समयसीमा) और वर्गीकरण के बारे में अधिक जानकारी यहाँ पाई जा सकती है.

Fransen and Discovery NZ Ltd, निर्णय संख्या 2020-122

Millar and Discovery NZ Ltd, 2021-064

McMurchy and Television New Zealand, निर्णय संख्या 2020-014

Barnao and Mediaworks TV Ltd, निर्णय संख्या 2019-002

Ross and Māori Television Service, निर्णय संख्या 2017-045

# समुदाय के वर्गों को भेदभाव से सुरक्षित रखा गया

भेदभाव और अपमान मानक के तहत शिकायतों का समूह के साझा **लिंग**, **यौन अभिविन्यास, जाति, आयु, विकलांगता, व्यावसायिक स्थिति या धर्म, संस्कृति या राजनीतिक विश्वास की वैध अभिव्यक्ति** के संदर्भ में परिभाषित समुदाय के एक विशेष वर्ग से संबंधित होना आवश्यक है। प्राधिकरण ने पहले माना था कि मानक निम्नलिखित व्यापक (गैर-समरूप) समूहों पर लागू नहीं है:

- जो लोग 'माओरी नहीं हैं'
- जो लोग टीकों या अन्य COVID-19 उपायों का विरोध करते हैं
- विशेष खेल या शौक में भाग लेने वाले लोग।

O'Sullivan and Television New Zealand Ltd, Decision No. 2022-138 (जो लोग इस भूमि से नहीं हैं यानि जो भूमिपुत्र नहीं हैं)

McCracken and Radio New Zealand Ltd, निर्णय संख्या 2022-099 (टीकों और अन्य COVID-19 उपायों का विरोध)

Cycling Action Network and NZME Radio Ltd, निर्णय संख्या 2021-092; और McKenzie and Television New Zealand Ltd, निर्णय संख्या 2022-141 (खेल और रुचियां)

# सटीकता- त्रुटि का महत्व या अहमियत

प्रत्येक अशुद्धि से सटीकता मानक का उल्लंघन नहीं होता है। यदि गलत जानकारी, तकनीकी या अप्रासंगिक है तो तथाकथित गलत जानकारी के बारे में शिकायतें स्वीकार नहीं की जाएंगी। 'तकनीकी या अप्रासंगिक' क्या है इसका मूल्यांकन प्रासंगिक कार्यक्रम के संदर्भ में किया जाता है। यदि इससे, समग्र रुप से प्रसारण के बारे में, या मुख्य बिंदु (बिंदुओं) के बारे में दर्शकों की समझ पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है, तो इस गलत जानकारी को मानक का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

Johnson and Television New Zealand Ltd, Decision No. 2021-101 (हत्या के आरोप में अपराधी की सुनवाई और प्रतिवाद का वर्णन करने वाली कहानी में अपराधी को [कुरान के बजाय] बाइबल को पकड़े हुए हुए वर्णित किया गया है)

Gibb and Television New Zealand Ltd, Decision No. 2022-102 (प्लास्टिक अपशिष्ट के निर्यातों से होने वाली हानि पर आधारित एक याचिका के संबंधित कहानी में इसके निर्यात की गलत मात्रा का उल्लेख किया गया है)

Kellett and Television New Zealand Ltd, Decision No. 2022-109 (नाव की तकनीकी विशेषताओं पर केंद्रित मानव हित कार्यक्रम के वर्णन में टगबोट को गलत ढंग से 'विश्व की प्रथम पूर्णतया विद्युत-चालित शिप-हैंडलिंग टग' के रूप में वर्णित किया गया है)

Claus and Radio New Zealand Ltd, Decision No. 2023-018 (प्रधानमंत्री जैसिंडा आर्डर्न के त्यागपत्र के राजनैतिक निहितार्थों का प्रचार करने वाले कार्यक्रम में पैनलिस्ट असत्यपूर्ण ढंग से कहा कि 'हममें से 97% लोगों ने टीका लगवा लिया है')

White and Television New Zealand Ltd, Decision No. 2023-056 (आगामी बजट पर केंद्रित आइटम में यह वक्तव्य कि, अमीर लोग औसत कीवी से [कर के *दर* की तुलना में] आधे से भी कम कर का भुगतान करते हैं)

Fenemor and Television New Zealand Ltd, Decision No. 2023-080 (स्क्रैप यार्ड में आग लगने के बाद लीथियम बैटरी के आग संबंधी खतरों के बारे में कहानी में असंबंधित वाहन क्षति की बैकग्राउंड फुटेज)

बीएसए की किसी शिकायत का निर्धारण करने से इनकार करने की शक्ति पर अधिक जानकारी के लिए, हमारे मार्गदर्शन को देखें। यदि आप निश्चित नहीं हैं कि हम आपकी शिकायत पर विचार करेंगे या नहीं, तो कृपया हमसे संपर्क करें ताकि हम आपको सही संस्था से जोड़ने में मदद कर सकें।